राजधानी
वर्ष 12 | अंक 238 | पृष्ठ : 16+8=24
मूल्य : चार रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

लखनऊ
सोमवार, 24 फरवरी 2020

खाली भूखंडों से झुग्गियां और अवैध कब्जे हटवाएं

लखनऊ। गोमतीनगर में खाली पड़े भूखंडों से झुग्गियां और अवैध कब्जे हटवाने की मांग विधि मंत्री ब्रजेश पाठक और मेयर संयुक्ता भाटिया से की गई है। रविवार को आयोजित गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति की कार्यकारिणी सभा में दोनों शामिल हुए। महासमिति की तरफ से कहा गया कि लखनऊ स्मार्ट सिटी तभी बन पाएगा जब गोमतीनगर की समस्याएं खत्म की जाएंगी बैठक में सदस्यों ने क्षेत्र की कई समस्याओं को उठाया गया। इनमें बताया गया कि नियोजित कॉलोनी होने के बाद भी खाली पड़े भूखंड पर झुग्गियां बना ली गई हैं, जिनमें अज्ञात लोग निवास करना शुरू कर देते हैं।

इससे जहां स्वच्छ लखनऊ की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं। वहीं ये सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। पिछले दिनों कई घटनाओं में इन झुग्गियों में रहने वाले लोगों की ही संलिप्तता सामने आई है। इसके अलावा फुट ओवरब्रिज के नीचे कब्जे, अतिक्रमण, नालों को नालियों से जोड़े जाने, पार्कों के विकास के मुद्दे भी उठाए गए। इसके लिए अध्यक्ष डॉ. बीएन सिंह, महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला की तरफ से एक ज्ञापन भी दिया गया। बैठक में भाजपा नेता नीरज सिंह, पार्षद संजय सिंह राठौर, समिति के सचिव रूप कुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, विरामखंड समिति केसंरक्षक डॉ. भरत राज सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में पुलिस, नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों से स्कूली बसों को कैंपस में अंदर खड़ा कराने की मांग रखी गई। महासमिति का कहना है कि इससे कॉलोनी के अंदर रहने वाले लोगों को आने-जाने में समस्या होती है। आए दिन यहां जाम के हालात बने रहते हैं।